प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

31.10.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1800 बजे

प्रधानमंत्री–एकता दिवस

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोगों से एकजुट होकर राष्ट्र की प्रगति के लिए खुद को समर्पित करने की अपील की है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि इससे विकसित भारत का सपना साकार होगा। वे आज गुजरात के एकता नगर में लौह पुरूष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर आयोजित राष्ट्रीय एकता दिवस समारोह में विशाल जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज़ादी के बाद, सरदार पटेल ने 5 सौ 50 से ज़्यादा रियासतों को एकजुट करके 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' के दृष्टिकोण को साकार करके असंभव काम कर दिखाया।

प्रधानमंत्री ने करोड़ों लोगों द्वारा ली गई एकता की शपथ में देशव्यापी भागीदारी पर कहा कि इससे राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने के सामूहिक संकल्प की पुष्टि हुई है।

नरेन्द्र मोदी ने प्रत्येक नागरिक से एकता को राष्ट्रीय शक्ति का मंत्र बनाने और सरदार पटेल के दृ ष्टिकोण को याद रखने व एक मजबूत, विकसित और एकजुट भारत के लिए मिलकर काम करने का आग्रह किया।

रन फॉर यूनिटी

इधर सरदार वल्लभ भाई पटेल की एक सौ 50वीं जयंती के मौके पर प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर भी रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया। शिमला में प्रदेश भाजपा सह प्रभारी संजय टंडन ने सी.टी.ओ. चौक से चौड़ा मैदान के लिए एकता दौड़ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और देश के गठन में सरदार पटेल के योगदान को याद किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि आज से 26 नवंबर संविधान दिवस तक रन फॉर यूनिटी कार्यक्रमों का आयोजन हर जिले में किया जाएगा। उधर, हमीरपुर ज़िला भाजपा द्वारा सरदार पटेल की जयंती के उपलक्ष्य पर पूर्व केन्द्रीय मंत्री व सांसद अनुराग ठाकुर के नेतृत्व में रन फॉर यूनिटी दौड़ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उन्होंने सरदार वल्लभ भाई पटेल को भावभीनी श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि उन्होंने आधुनिक और एकजुट भारत की नींव रखी। इधर, सिरमौर ज़िला के नाहन में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम का नेतृत्व किया।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने आज नई दिल्ली से वर्चुअल माध्यम से रेणुका विधानसभा क्षेत्र के लिए साढ़े 29 करोड़ रूपए की लागत की 5 विकास परियोजनाओं के लोकार्पण व शिलान्यास किए। इनमें संगड़ाह तहसील के माइनाबाग में 6 करोड़ 47 लाख रूपए की लागत से निर्मित आई.टी. आई. भवन और नौहराधार में 2 करोड़ 20 लाख रूपए से बनी सब–मार्किट यार्ड के पहले चरण का उद्घाटन शामिल है। इस अवसर पर उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान और विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कुमार सहित अन्य गणमान्य लोग माइनाबाग में मौजूद रहे।

इंदिरा गांधी पुण्यतिथि

आज पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी की 41वीं पुण्यतिथि संकल्प दिवस के रूप में मनाई जा रही है। इस अवसर पर प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर स्वर्गीय इंदिरा गांधी को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान पर स्थित इंदिरा गांधी की प्रतिमा पर उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान देश के प्रति स्वर्गीय इंदिरा गांधी के बलिदन को याद किया गया। अग्निहोत्री ने देश के पहले गृहमंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल को भी श्रद्धासुमन अर्पित किए।

धर्माणी

नगर व ग्राम नियोजन मंत्री राजेश धर्माणी की अध्यक्षता में आज घुमारवीं में विभिन्न योजनाओं के तहत चल रहे सड़क निर्माण व रख–रखाव कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। उन्होंने सड़क निर्माण कार्यों की गुणवत्ता व रख–रखाव पर विशेष बल दिया। धर्माणी ने कहा कि विभिन्न सड़कों के निर्माण कार्यों को लेकर कई अवरोध हैं, जिन्हें दूर करने के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना और नाबार्ड के तहत निर्मित सड़कों की मैंटेनेंस की अवधि में संबंधित ठेकेदार द्वारा रख–रखाव कार्य किया जाएगा।

..........................